# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : आर.औ./1504 दिनांक : 25.08.2026

## विज्ञप्ति

**विषय :– रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना से आच्छादित छात्राओं की सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

उत्तर प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की सत्र 2025–26 में स्नातक उत्तीर्ण ऐसी छात्रायें जो प्रथम दृष्ट्या रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना हेतु पात्र पाई गई हैं, का विवरण इस पत्र के साथ संलग्न है।

संलग्न सूची में अंकित छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि अधोवर्णित तिथि, समय एवं स्थान पर निम्नलिखित विवरण/अभिलेखों के भौतिक सत्यापन हेतु चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर मेरठ में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। **सम्बन्धित एक्सल सॉफ्ट फॉर्मेट इस पत्र के साथ वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जा रहा है।**

1- APAAR ID
2- Date Of Birth
3- Mobile No (जो आधार कार्ड से लिंक हो)
4- Category
5- Latest Domicile Application No.(Issued by E-District Portal)
6- Latest Domicile ID (Issued by E-District Portal)
7- Latest Income Application No.(Issued by E-District Portal)
8- Latest Income Certificate Id (Issued by E-District Portal)
9- All Graduation Marksheets (All Semester)
10- आधार कार्ड

उपर्युक्त अभिलेखों की मूल प्रति के साथ एक–एक छायाप्रति लाना अनिवार्य है। उपर्युक्त सभी अभिलेख शासन के पोर्टल पर अपलोड करने अनिवार्य हैं, किसी भी अभिलेख की अनुपलब्धता की स्थिति में सम्बन्धित छात्रा का विवरण पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी छात्रा की होगी।

**उपस्थित होने का स्थान– विश्वविद्यालय स्थित केन्द्रीय मूल्यांकन भवन, पंचमतल।**

**उपस्थित होनें की तिथि 26.08.2026**

क्रम सं0 1–200 तक की छात्रायें प्रातः 10 बजे
क्रम सं0 201–400 तक की छात्रायें मध्यान्ह 12 बजे
क्रम सं0 401–600 तक की छात्रायें अपरान्ह 2 बजे
क्रम सं0 601–800 तक की छात्रायें अपरान्ह 4 बजे

**उपस्थित होने की तिथि 27.08.2026**

क्रम सं0 801–1000 तक की छात्रायें प्रातः 10 बजे
क्रम सं0 1001 से अन्तिम क्रमांक तक की छात्रायें मध्यान्ह 12 बजे

25/8/26
**कुलसचिव**

संलग्नक: पात्र छात्राओं की सूची

**प्रतिलिपि :–**

1– वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2– वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
3– समस्त सम्बन्धित प्राचार्यों एवं विभागाध्यक्षों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्न सूची में वर्णित अपने महाविद्यालय/विभाग से सम्बन्धित छात्राओं को उपर्युक्त विज्ञप्ति से व्यापक रूप से अवगत कराते हुये छात्राओं को यथासम्भव यातायात सुविधा उपलब्ध कराते हुये विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित होने में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। अग्रतर सूची में वर्णित प्रत्येक महाविद्यालय/विभाग का प्रतिनिधि उपस्थित होना भी अनिवार्य है।

**उप–कुलसचिव**